# यूपीईएस ने निकाली महिला बाइक रैली



रैली को रवाना करती सीएम की पत्नी गीता धामी।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

## ■ महिला उद्यमियों के संग मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

यूपीईएस ने नारीत्व की भावना का जश्न मनाते हुए महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप का समर्थन करते हुए 50 लाख के कोष की घोषणा की। इस दौरान यूपीईएस ने महिला बाइक रैली निकाली।

शुक्रवार की सुबह रैली शुरुआत सीएम पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने महेंद्र ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला बाइकर्स के नेतृत्व में रैली ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं की ताकत, लचीलापन और क्षमताओं का प्रदर्शन किया। रैली महेंद्र ग्राउंड से शुरु होकर यूपीईएस के बिधौली परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस इवेंट में विवि के 200 छात्रों के साथ 300 कर्मचारी और फैकल्टी मेंबर्स शामिल हुए।

इसके अलावा विवि ने पीएचडी कर रही 50 महिला स्कॉलर्स को भी अपना समर्थन देने का वादा किया। यूपीईएस में उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और उनके रिसर्च प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें फेलोशिप की पेशकश की। विश्वविद्यालय ने विशेष रूप से महिला सहायक कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के प्रति अपने कमिटमेंट को पूरा करते हुए डिजाइन किए गए दो लाख के बीमा कवर की भी घोषणा की। यह घोषणाएं आज रानी म्यूजिकल वीडियो के लांच इवेंट में की गई।

प्रतिष्ठित बॉलीवुड गायक दलेर मेहंदी द्वारा गाया गया यह गीत महिला सशक्तिकरण की एक कलात्मक और संगीतमय अभिव्यक्ति है जो भारत की आधुनिक महिलाओं की ताकत और धैर्य का जश्न मनाता है। संगीत निशांत रामटेके द्वारा तैयार किया गया है और गाने के बोल यूपीईएस की प्रायोजक सोसायटी एचईआरएस के अध्यक्ष डा.शरद मेहरा ने लिखे हैं।